दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 01.04.2026

प्रकाशनार्थ

'रोवर्स/रेंजर्स के पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का सफल समापन'

गोरखपुर 01.04.2026। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर में आयोजित रोवर्स/रेंजर्स के पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ आर. पी.यादव उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले मंचासीन अतिथियों का स्काउट गाइड संस्था द्वारा स्कार्फ पहना कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों द्वारा तैयार किये गये टेण्ट का निरीक्षण किया तत्पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों को अभाव में जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में कार्य करना, आपदा प्रबंधन, आत्मअनुशासन तथा राष्ट्रीय एकता की भावना जैसे महत्वपूर्ण गुण रोवर्स/रेंजर्स के माध्यम से विकसित होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी राष्ट्र की महानता उसके नागरिकों के गुणों पर निर्भर करती है। अनुशासन, करुणा एवं सेवा भावना ही देश को सशक्त बनाती है। रोवर्स/रेंजर्स का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण करना है, जो समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भली–भांति समझ सकें।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय के रोवर लीडर डॉ. संजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से आत्मअनुशासन, सहयोग, प्रेम एवं सद्भावना का विकास होता है। वहीं रेंजर लीडर डॉ. जागृति विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण युवाओं को शारीरिक रूप से सुदृढ़, मानसिक रूप से जागरूक एवं व्यवहार में सरल बनाता है, साथ ही उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन जीने की आवश्यक कौशल प्रदान करता है।

इस शिविर का संचालन सुश्री सेजल साहनी एवं श्री शिव कुमार ने प्रशिक्षकों के रूप में किया। शिविर के दौरान प्रथम दिवस से पंचम दिवस तक रोवर्स/रेंजर्स को ध्वज फहराना, प्रार्थना, तालियों के माध्यम से स्वागत, रस्सियों द्वारा विभिन्न गांठें बांधना, टेंट लगाना तथा विषम परिस्थितियों में समस्याओं के समाधान जैसे व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, संयम, आत्मनिर्भरता एवं उत्तम नागरिकता के गुणों का विकास हुआ।

समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. अर्चना सिंह, डॉ. आर.पी. यादव, डॉ इन्द्रेश कुमार, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. निधि राय, डॉ. पीयूष सिंह, श्री धीरज सिंह, डॉ. शिवकुमार, डॉ. अनुपमा मिश्रा, डॉ. रविंद्र कुमार एवं डॉ. अखंड प्रताप सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क